मालवा एक्सप्रेस का विलम्ब से चलना

2423. **श्री राथवजी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इन्दौर-जम्मू ट्रेन (मालवा एक्सप्रेस) को जम्मू तक बढ़ाए जाने के बाद से यह गाडी प्राय: प्रतिदिन काफी विलम्ब से चल रही है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और इस स्थिति को सुधारने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे है ?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ) : (क) जी नहीं तथापि, पिछले कुछ महीनो में 4667/4668 मालवा एक्सप्रेस का समय-पालन अत्यधिक संतोषजनक नही रहा है ।

(ख) आंदोलन/बंद, दुर्घटनाएं, खतरे की जंजीर खींचना, वर्षा, उपस्करों की खराबियां आदि ।

रेलों के नियंत्रण के भीतर रुकावटें दूर करने के लिए गहन जांच और चौबीसों घंटे निगरानी रखने सहित सभी प्रयास किए जा रहे हैं ।

Action against CMD of Konkan Railway Corporation

2424. SHRI SOM PAL: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Minister for Railways has written to the Prime Minister for taking action against the Chairman-cum-Managing Director of the Konkan Railway Corporation for financial irregularities ;

(b) if so, what are the details thereof ;

(c) whether any inquiry into the cases of financial indiscipline pointed against the CMD of the Konkan Railway Corporation has been made to establish facts ; and

(d) if so, what is the outcome thereof and the action contemplated thereon ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. K. JAFFER SHARIEF): (a) to (d) The letter to the Prime Minister was to apprise him of certain measures taken by this Ministry to improve the financial discipline and the working of the Corporation.

Re-arrangement and Restructuring of Railway Zones

2425. SHRI SOM PAL: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether it is fact that Government are considering the question of re-arrangement and restructuring of the various railway zones in the country ;

(b) if so, whether there is any proposal to attach Nanded and Pune-Miraj-Kolhapur of the S. C. Railway to the Central Railway ; and

(c) if so, what is the decision taken by Government in this regard ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. K. JAFFER SHARIEF): (a) to (c) The matter relating to creation/reorganisation of zones is presently under study and examination and a final decision will be taken after the study is completed.

बंबई-हावड़ा मेल में हुई दुर्घटना के शिकार हुए व्यक्तियों को मुआवजा

2426. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या रेल मंत्री 7 दिसंबर, 1994 को राज्य सभा में अनारांकित प्रश्न सं० 194 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि, 26 अक्तूबर, 1994 को बम्बई-हावड़ा मेल में हुई दुर्घटना में हताहत हुए व्यक्तियों की संख्या कितनी है और प्रभावित हुए लोगों में से कितने व्यक्तियों को मुआवजा दिया गया है ?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफ़र शरीफ़) : मृतकों के उत्तराधिकारी और घायल हुए व्यक्ति मुआवजे के पात्र हैं, तथापि, मौजूदा नियमों के अनुसार उन्हें रेलवे दावा अधिकरण, पटना खंडपीठ में अपने दावे दायर करने होंगे इस बीच मृतकों के 27 आश्रितों और 16 घायल यात्रियों को अनुग्रह के रूप में 2,87,500 रुपए की राशि का भुगतान किया गया है ।

Computerised Railway Reservation Facilities in Madhya Pradesh

2427. SHRI DILIP SINGH JUDEV : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) the number of Railway stations in Madhya Pradesh where the facilities of computerisation of railway ticket reservation have been started ;

(b) the details of additional stations in the State where such facilities are proposed to be made available during 1994-95, 1995-96 and 1996-97 ; and

(c) the details of programmes drawn up by the Government in this regard ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. K. JAFFER SHARIEF): (a) Bhopal, Gwalior, Bilaspur, Indore, Raipur & Jabalpur

(b) and (c) In 1994-95 funds for the provision of computer reservation facilities have been sanctioned for Ratlam, Khandwa, Satna, Katni, Itarsi, Morena, Ujjain and Durg and work is in progress for the same. For provision of computerised reservation facilities at other locations in Madhya Pradesh, no proposals have as yet been developed for 1995-96 and 1996-97.

Land Development Policy

2428. SHRI K. RAHMAN KHAN : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Railways have given up its policies of land development and land management to augment its resources;

(b) if not, what is the progress made so far in this direction and the project likely to be taken up zone-wise;

(c) the reasons for delay in implementing the project; and

(d) whether other countries, have successfully implemented such projects ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI C. K. JAFFER SHARIEF): (a) No, Sir.

(b) Railways have, in the First Phase, tentatively identified some prime sites suitable for property development and have taken action to draw up conceptual plans for the development. Zone-wise location of the schemes is as under:

Railway	*Location/Station*
Central	Carnac Bunder and New Kurla Terminus in Bombay.
Eastern	Sealdah and Howrah.
Northern	Chanakyapuri, New Delhi (2 plots) and New Delhi Railway Station.
North Eastern	Gwaltoli area, Kanpur.
Northeast Frontier	Guwahati Station and Siliguri Railway area.
Southern	Bangalore Cantonment Station Victoria Crescent, Madras and Mount Road Booking Office area in Chennai.
South Central	Secunderabad Reservation Complex and Mettuguda areas.
South Eastern	Vishakhapatnam (2 plots) and Motibagh area, Nagpur.
Western	Bandra, Vadala and Bandra-Mahim Section area in Mumbai.

(c) There is no avoidable delay in implementing this scheme.

(d) Yes, Sir.

रेल मार्गों का विद्युतीकरण

2429. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ब्रिटन, जापान, इटली, चीन, जर्मनी, फ्रांस, अमरीका और रूस की तुलना में भारतीय रेल मार्गों का विद्युतीकरण की वर्तमान स्थिति क्या है ;

(ख) देश में अब तक विद्युतीकृत किये जा चुके प्रमुख बड़े रेल मार्गों का राज्यवार ब्यौरा क्या है ;

(ग) शेष प्रमुख रेल मार्गों का विद्युतीकरण कब तक कर दिये जाने की संभावना है ;

(घ) आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान सरकार ने किन-किन प्रमुख रेल मार्गों का विद्युतीकरण करने हेतु अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है तथा आवश्यक धनराशि अब आबंटित की जा चुकी है ; और

(ङ) इस कार्य को पूरा करने हेतु कौन-सी तिथि निर्धारित की गई है ?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफ़र शरीफ़) : (क) देश-वार विद्युतीकरण की स्थिति इस प्रकार है:—

देश का नाम	विद्युतीकृत मार्ग कि०	विद्युतीकृत मार्ग का प्रतिशत
यूनाइटेड किंगडम	4910.7	29.61
जापान	15845.0	64.88
इटली	10789.0	55.50
चीन	8434.0	15.24
जर्मनी	16694.6	38.38
फ्रांस	12611.0	37.01
संयुक्त राज्य अमरीका	2300.4	1.04
रूस	38400.0	43.33
भारत	11793.0*	18.87

(स्रोत : जेन्स वर्ल्ड रेलवेज़ 1994-95)

(*1-4-94 की स्थिति, इसके बाद 1-4-94 से भारतीय रेलों पर 103 मार्ग कि० मी० का विद्युतीकरण किया गया है जिससे 30-11-1994 को कुल 11,896 मार्ग कि०मी० का विद्युतीकरण हो गया है।)